डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADHUNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

# अमर उजाला माईसिटी

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 03

my city
लखनऊ | मंगलवार • 14.03.2023
अयोध्या अमर उजाला 3
amarujala.com/lucknow

# दीक्षांत में दिखेगा आधी आबादी का दबदबा

## राज्यपाल आनंदीबेन 69 छात्राओं व 44 छात्रों को बांटेंगी स्वर्णपदक

संवाद न्यूज एजेंसी

**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय में 27वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। समारोह में आधी आबादी का दबदबा नजर आएगा। यह पहला अवसर है जब महिला कुलपति के निर्देशन में दीक्षांत समारोह होगा। मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल होंगी। समारोह में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक दिया जाएगा।

अवध विवि की प्रथम महिला कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में दीक्षांत समारोह 17 मार्च को होगा। इस पूरे कार्यक्रम में आधी आबादी का झंडा बुलंद होता दिखेगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी महिला सशक्तीकरण की मिसाल हैं। स्वर्ण पदक पाने वालों में छात्राओं की संख्या लड़कों से ज्यादा है। इसमें 69 छात्राएं व 44 छात्र शामिल हैं।

विवि के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में 15 मार्च को दोपहर तीन बजे व 16 मार्च को दोपहर 12 बजे कुलपति प्रो. गोयल के नेतृत्व में रिहर्सल कराई जायेगी। दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले प्रत्येक सदस्यों, स्वर्णपदक व उपाधि धारकों को रिहर्सल में शामिल होना होगा।

### पहली बार महिला कुलपति के निर्देशन में होगा दीक्षांत समारोह




अवध विवि में सोमवार को प्रशासनिक भवन के रंग-रोगन में जुटे मजदूर। -संवाद

### दीक्षांत के लिए निर्धारित की गई वेशभूषा

समारोह में शामिल होने वाले सदस्यों व छात्र-छात्राओं के लिए वेशभूषा निर्धारित कर दी गई है। इसमें पुरुष वेशभूषा में सफेद कुर्ता, पायजामा, पीली सदरी होगी। महिला वेशभूषा में सफेद लाल बॉर्डर साड़ी व लाल दुपट्टा के साथ सफेद सलवार, समीज परिधान निर्धारित किया गया है। वहीं स्वर्ण पदक छात्र-छात्राएं अवध का पारंपरिक परिधान पगड़ी में रहेंगे।

विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 15 से 16 मार्च तक प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक छात्र-छात्राओंको दीक्षांत वेशभूषा, उत्तरीय व उपाधि बांटी जायेगी। उत्तरीय वितरण भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के पहले स्थित परीक्षा भवन में किया जायेगा। वहीं उपाधि परीक्षा विभाग में वितरित की जायेगी।

## प्रतियोगिता में कोमल, रंजन और अंशिका रहीं अव्वल

**अयोध्या।** अवध विवि की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में विवि क्रीड़ा समिति द्वारा दीक्षांत पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को खेल प्रतियोगिता हुई। इसमें टेबिल टेनिस पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग के बीपीईएस तृतीय वर्ष के छात्र बालकृष्ण ने एमपीएड चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र अविनाश को 21-16 के अंतर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।



अवध विवि में आयोजित खेल प्रतियोगिता में टेबिल टेनिस में प्रतिभाग करते प्रतिभागी। -संवाद

टेबिल टेनिस महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग की कोमल ने हर्षिता को 21-13 के अंतर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन के पुरुष वर्ग में बीटेक चतुर्थ वर्ष के छात्र रंजन मद्धेशिया ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में बीपीईएस प्रथम वर्ष के छात्र अभिनव वर्मा को हराया। बैडमिंटन महिला वर्ग में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंशिका सिंह ने एमपीएड चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सेजल वसीम को हराया। दूसरी ओर कबड्डी टीम खेल के पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग ने एमबीए विभाग को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन अवध विवि क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि खिलाड़ी को खेल के क्षेत्र में एक बेहतर इंसान बनाने के साथ टीम की भावना एवं नेतृत्व की क्षमता को बढ़ाता है। संचालन डॉ. अनुराग पांडेय ने किया। इस अवसर पर क्रीड़ा समिति आवासीय परिसर अध्यक्ष प्रो. नीलम पाठक, डॉ. सुरेंद्र मिश्र, डॉ. त्रिलोकी यादव, प्रो. एसके रायजादा मौजूद रहे। संवाद

दैनिक भास्कर

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 11

# अवध विवि के 27 वें दीक्षांत समारोह का रिहर्सल 15 व 16 मार्च को

भास्कर ब्यूरो

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की प्रथम महिला कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च, 2023 को होगा। समारोह में शामिल होने वाले सम्मानित सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं के लिए वेशभूषा निर्धारित की गई है। इसमें पुरुष वेशभूषा में सफेद कुर्ता, पायजामा, पीली सदरी व महिला वेशभूषा में सफेद लाल बॉर्डर साड़ी तथा लाल दुपट्टा के साथ सफेद सलवार समीज परिधान निर्धारित किए गए है। वहीं स्वर्णपदक छात्र-छात्राएं अवध के पारम्परिक परिधान पगड़ी में रहेंगे। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले प्रत्येक सम्मानित सदस्यों, स्वर्णपदक व उपाधि धारकों को दीक्षांत रिहर्सल में शामिल होना होगा। विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में 15 मार्च अपराह्न 03 बजे तथा 16 मार्च को दोपहर 12 बजे कुलपति प्रो0 गोयल के नेतृत्व में रिहर्सल कराई जायेगी। रिहर्सल के दोनों दिन सम्मानित सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि दीक्षांत समारोह की तैयारियों को समितियों द्वारा लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है। 15 से 16 मार्च तक प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक छात्र-छात्राओं को दीक्षांत वेशभूषा उत्तरीय व उपाधि वितरित की जायेगी।

दैनिक जागरण

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 06

# कबड्डी में शारीरिक शिक्षा विभाग को दोहरा खिताब



दीक्षा समारोह को लेकर अवध विवि में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का दृश्य ● जागरण

**संसू,अयोध्या:** डा. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में दीक्षा समारोह के क्रम में सोमवार को टेबिल टेनिस, बैडमिंटन तथा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह ने प्रतियोगिता की शुरुआत की। कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम ने एमबीए को हरा कर प्रथम स्थान हासिल किया।

महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम एमए की टीम को हरा कर विजेता बनी। शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से ब्यूटी, रंजू व मानसी ने शानदार प्रदर्शन किया। बैडमिंटन के पुरुष वर्ग में बीटेक के छात्र रंजन मद्धेशिया ने शारीरिक शिक्षा विभाग के अभिनव वर्मा को हरा कर प्रथम स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में बीए की छात्रा अंशिका सिंह ने एमपीएड की सेजल वसीम को हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। टेबिल टेनिस के पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग के बालकृष्ण यादव व महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग की कोमल विजेता बनीं। क्रीड़ा परिषद उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि इससे खिलाड़ी बेहतर इंसान बनता है। विशिष्ट अतिथि शारीरिक शिक्षा एवं योग विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. संतशरण मिश्रा ने कहाकि खेल व्यक्ति को अधिक सक्षम बनाता है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा क्रीड़ा समिति आवासीय परिसर अध्यक्ष प्रो. नीलम पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया।

दैनिक जागरण

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 06

# अवध विवि के दीक्षा समारोह का दो दिनी पूर्वाभ्यास 15 व 16 को

**संसू, अयोध्या :** डा. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षा समारोह 17 मार्च को होगा। इसके लिए परिधान निर्धारित किया गया है। छात्रों के लिए सफेद कुर्ता, पायजामा, पीली सदरी व छात्राओं के लिए सफेद लाल बार्डर वाली साड़ी या लाल दुपट्टा के साथ सफेद सलवार व समीज परिधान निर्धारित है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पगड़ी भी पहननी होगी।



विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में 15 मार्च को अपराह्न तीन बजे तथा 16 मार्च को दोपहर 12 बजे कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में पूर्वाभ्यास होगा। इसमें अपेक्षित सदस्यों के साथ विद्यार्थियों की उपस्थिति भी होगी। मीडिया प्रभारी डा. विजयेंदु चतुर्वेदी ने बताया कि 15 से 16 मार्च तक सुबह 10 बजे से चार बजे तक वेशभूषा उत्तरीय व उपाधि वितरित की जायेगी। वेशभूषा का वितरण भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के पहले स्थित परीक्षा भवन से किया जाएगा। उपाधि परीक्षा विभाग से वितरित होगी।

अमृत विचार

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 03

# छात्र कुर्ता पायजामा, सफेद लाल बार्डर की साड़ी पहनेंगी छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- अवध विवि का दीक्षांत समारोह का रिहर्सल 15 व 16 मार्च को

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को लेकर छात्र-छात्राओं के लिए वेशभूषा निर्धारित की गई है।

इसमें पुरुष वेशभूषा में सफेद कुर्ता-पायजामा, पीली सदरी व महिला वेशभूषा में सफेद लाल बॉर्डर साड़ी तथा लाल दुपट्टा के साथ सफेद सलवार समीज परिधान निर्धारित किए गए हैं। वहीं स्वर्णपदक छात्र-छात्राएं अवध के पारम्परिक परिधान पगड़ी में रहेंगे। स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में 15 मार्च अपराह्न 03 बजे तथा 16 मार्च को दोपहर 12 बजे कुलपति के नेतृत्व में रिहर्सल कराई जायेगी। रिहर्सल के दोनों दिन सम्मानित होने वाले सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया समारोह की तैयारियों को समितियों द्वारा लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है। 15 से 16 मार्च तक प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक छात्र-छात्राओं को दीक्षांत वेशभूषा उत्तरीय व उपाधि वितरित की जायेगी। वेशभूषा में उत्तरीय वितरण भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के पहले स्थित परीक्षा भवन में किया जायेगा। वहीं उपाधि परीक्षा विभाग में वितरित की जायेगी।

अमृत विचार

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 02

# दीक्षांत पखवाड़ा में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की क्रीड़ा समिति द्वारा दीक्षांत पखवाड़े के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो जसवंत सिंह ने किया। टेबिल टेनिस पुरुष वर्ग में छात्र बाल कृष्ण यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टेबिल टेनिस कोमल, बैडमिंटन पुरुष वर्ग में बी रंजन मद्धेशिया बैडमिंटन महिला वर्ग में अंशिका सिंह, कबड्डी टीम पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग ने एम.बी.ए. विभाग को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया. वहीं महिला वर्ग कबड्डी में शारीरिक शिक्षा विभाग ने एम.ए. प्रथम वर्ष समाज शास्त्र को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया।

हिन्दुस्तान

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 06

# प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**पखवारा**

**अयोध्या, संवाददाता।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में विश्वविद्यालय क्रीडा समिति द्वारा दीक्षांत पखवारा के अंतर्गत सोमवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टेबिल टेनिस, बैडमिंटन तथा कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अवध विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

टेबल टेनिस पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग के बीपीईएस तृतीय वर्ष के छात्र बाल कृष्ण यादव ने एमपीएड चतुर्थ सेमेस्टर को 21-16 के अंतर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं टेबल टेनिस महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग की कोमल ने हर्षिता को 21-13 के अन्तर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन के पुरुष वर्ग में बीटेक चतुर्थ वर्ष के छात्र रंजन मद्धेशिया ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में बीपीईएस प्रथम वर्ष के छात्र अभिनव वर्मा को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। बैडमिंटन महिला वर्ग में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंशिका सिंह ने एमपीएड चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सेजल वसीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दूसरी ओर कबड्डी टीम खेल के पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग ने एमबीए विभाग को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी पुरुष वर्ग में अंकित, अमित एवं वैभव ने अपने खेल कौशल से सभी खेल प्रेमियों को प्रभावित किया।

पायनियर

दिनांकः 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्याः 07

# खेल से खिलाड़ियों में नेतृत्व की क्षमता का विकास होता है: प्रो. जसवंत सिंह

**संवाददाता।** अयोध्या

**डॉ0** राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में विश्वविद्यालय क्रीडा समिति द्वारा दीक्षांत पखवाड़े के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टेबिल टेनिस, बैडमिंटन तथा कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अवध विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो0 जसवंत सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

टेबिल टेनिस पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग के बीण्पीण्ईण्एस तृतीय वर्ष के छात्र बाल कृष्ण यादव ने एमण्पीण् एडण् चतुर्थ सेमेस्टर को 21.16 के अंतर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं टेबिल टेनिस महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग की कोमल ने हर्षिता को 21.13 के अन्तर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन के पुरुष वर्ग में बी0 टेक चतुर्थ वर्ष के छात्र रंजन मद्धेशिया ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में बीण्पीण्ईण्एसण् प्रथम वर्ष के छात्र अभिनव वर्मा को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। बैडमिंटन महिला वर्ग में बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा अंशिका सिंह ने एम0पी0एड0 चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सेजल वसीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरी ओर कबड्डी टीम खेल के पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग ने एम0बी0ए0 विभाग को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी पुरुष वर्ग में अंकित, अमित एवं वैभव ने अपने खेल कौशल से सभी खेल प्रेमियों को प्रभावित किया। वहीं महिला वर्ग कबड्डी में शारीरिक शिक्षा विभाग ने एम0ए0 प्रथम वर्ष समाज शास्त्र को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। कबड्डी प्रतियोगिता में ब्यूटी, रंजू एवं मानसी ने शानदार प्रदर्शन किया। क्रीडा उपाध्यक्ष प्रोण् जसवंत सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं।

# तरूणमित्र

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 03

# अवध विवि के 27 वें दीक्षांत समारोह का रिहर्सल 15 व 16 मार्च को

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की प्रथम महिला कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च 2023 को होगा। समारोह में शामिल होने वाले सम्मानित सम्मानित सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि दीक्षांत समारोह की तैयारियों को समितियों द्वारा लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है। 15 से 16 मार्च तक प्रात: 10 बजे से 04 बजे तक छात्र-छात्राओं को दीक्षांत वेशभूषा उत्तरीय व उपाधि वितरित की जायेगी। वेशभूषा में उत्तरीय वितरण भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के पहले स्थित परीक्षा भवन में किया जायेगा। वही उपाधि परीक्षा विभाग में वितरित की जायेगी।

## अवध विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह के लिए वेशभूषा निर्धारित

सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं के लिए वेशभूषा निर्धारित की गई है। इसमें पुरुष वेशभूषा में सफेद कुर्ता, पायजामा, पीली सदरी व महिला वेशभूषा में सफेद लाल बॉर्डर साड़ी तथा लाल दुपट्टा के साथ सफेद सलवार समीज परिधान निर्धारित किए गए है। वहीं स्वर्णपदक छात्र-छात्राएं अवध के पारम्परिक परिधान पगड़ी में रहेंगे। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले प्रत्येक सम्मानित सदस्यों, स्वर्णपदक व उपाधि धारकों को दीक्षांत रिहर्सल में शामिल होना होगा। विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में 15 मार्च अपराह्न 03 बजे तथा 16 मार्च को दोपहर 12 बजे कुलपति प्रो0 गोयल के नेतृत्व में रिहर्सल कराई जायेगी। रिहर्सल के दोनों दिन

# चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार




सिकंदरपुर, अंबेडकरनगर। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के क्रम में थाना अहिरौली व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा संदिग्ध व्यक्तियो के चेंकिग के दौरान मिझौडा टिकरीपुर मार्ग पानी की टंकी मदनगढ से मुखबिर की सूचना पर तीन अभियुक्तगण को चोरी किया हुआ सामान व 01 अदद नाजायज तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्तों को जेल भेजा गया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों में सोनू पाल पुत्र राकेश पाल निवासी ग्राम तेलियागंज थाना गोशाईगंज जनपद अयोध्या, रोहित कनौजिया पुत्र वंशीलाल कनौजिया निवासी ग्राम शेखपुर मलपुरा थाना आलापुर जनपद अम्बेडकरनगर, अखिलेश कुमार पुत्र दुर्जन राम नि0 ग्राम हुसैनपुर मुसलमान थाना आलापुर जनपद अम्बेडकरनगर हैं। इनके पास से एक अदद प्रिन्टर, एक अदद सीपीयू, एक अदद यूपीएस, एक अदद मानिटर, एक अदद की-बोर्ड, एक अदद माउस, एक अदद थम्ब स्कैनर एक अदद बडी बैटरी व एक अदद ल्युमिनियस इन्वर्टर बरामद हुआ। जबकि सोनू पाल पुत्र राकेश पाल के कब्जे से एक अदद तमंचा नाजायज 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाले पुलिस कर्मियों में थानाध्यक्ष रितेश कुमार पाण्डेय थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर, स्वाट टीम प्रभारी उ0नि0 अजय प्रताप सिंह जनपद अम्बेडकरनगर, उ0नि0 रामाग्रय थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर, हे0का0 रंजन राय थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर, हे0का0 सुरजीत यादव थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर, हे0का0 पुनीत कुमार स्वाट टीम जनपद अम्बेडकरनगर, हे0 का0 विकास ओझा स्वाट टीम जनपद अम्बेडकरनगर, का0 पवन मिश्रा थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर रहे।

तरूणमित्र

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 06

# खेल से खिलाड़ियों में नेतृत्व की क्षमता का होता है विकास : प्रो. जसवंत सिंह




अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में विश्वविद्यालय क्रीडा समिति द्वारा दीक्षांत पखवाड़े के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टेबिल टेनिस, बैडमिंटन तथा कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अवध विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो0 जसवंत सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। टेबिल टेनिस पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग के बी.पी.ई.एस तृतीय वर्ष के छात्र बाल कृष्ण यादव ने एम.पी. एड. चतुर्थ सेमेस्टर को 21-16 के अंतर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं टेबिल टेनिस महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग की कोमल ने हर्षिता को 21-13 के अन्तर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन के पुरुष वर्ग में बी. टेक. चतुर्थ वर्ष के छात्र रंजन मद्धेशिया ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में बी.पी.ई.एस. प्रथम वर्ष के छात्र अभिनव वर्मा को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। बैडमिंटन महिला वर्ग में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अंशिका सिंह ने एम.पी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सेजल वसीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरी ओर कबड्डी टीम खेल के पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग ने एम.बी.ए. विभाग को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी पुरुष वर्ग में अंकित, अमित एवं वैभव ने अपने खेल कौशल से सभी खेल प्रेमियों को प्रभावित किया। वहीं महिला वर्ग कबड्डी में शारीरिक शिक्षा विभाग ने एम.ए. प्रथम वर्ष समाज शास्त्र को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। कबड्डी प्रतियोगिता में ब्यूटी, रंजू एवं मानसी ने शानदार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर क्रीडा उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि खिलाड़ी को खेल के क्षेत्र में एक बेहतर इंसान बनाने के साथ टीम की भावना एवं नेतृत्व की क्षमता को बढ़ाता है। प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि शारीरिक शिक्षा एवं योग विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. संत शरण मिश्रा ने कहा कि स्पोर्ट्स और खेल वह गतिविधियाँ है जो व्यक्ति को उच्च स्तर की क्षमता के साथ व्यक्ति को और अधिक सक्षम बनाती है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा क्रीडा समिति आवासीय परिसर अध्यक्ष प्रो. नीलम पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया। क्रीडा समिति आवासीय परिसर के सचिव डॉ. सुरेंद्र मिश्र ने दीक्षांत खेल प्रतियोगिता में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराग पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्रीडा समिति आवासीय परिसर के सदस्य डॉ. त्रिलोकी यादव, इं संजय चैहान, डॉ. नितेश दिक्षित, डॉ.मणिकांत त्रिपाठी, डॉ.प्रियंका, डॉ. गायत्री वर्मा ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो.एसके रायजादा प्रो. शैलेंद्र वर्मा, प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो. तुहिना वर्मा, प्रो. आशीष प्रताप सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ.कपिल राणा, डॉ.अर्जुन सिंह, डॉ.पंकज, डॉ.एसपी सिंह, डॉ.अंकित मिश्रा, डॉ आशीष पांडे, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, डॉ. देवेंद्र वर्मा, डॉ. संघर्ष वर्मा डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. मोहनी पांडे, कुमार मंगलम, डॉ.अवधेश यादव, कौशल किशोर, महेन्द्र कुमार,आनंद मौर्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

जनमोर्चा

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 05

# अवध विवि के दीक्षांत समारोह का कल से रिहर्सल

## 17 मार्च को दीक्षांत समारोह, 15-16 को वेशभूषा उत्तरीय का वितरण

फैजाबाद (अयोध्या)।

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षांत समारोह का बुधवार 15 मार्च से रिहर्सल किया जायेगा। इसके लिए वेशभूषा तय कर दी गयी है। वेशभूषा में उत्तरीय व उपाधि वितरण 15 मार्च से शुरू होगा।

विश्वविद्यालय की प्रथम महिला कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च को होगा। समारोह में शामिल होने वाले सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं के लिए वेशभूषा निर्धारित की गई है। इसमें पुरुष वेशभूषा में सफेद कुर्ता, पायजामा, पीली सदरी व महिला वेशभूषा में सफेद लाल बॉर्डर साड़ी तथा लाल दुपट्टा के साथ सफेद सलवार समीज परिधान है। वहीं स्वर्णपदक छात्र-छात्राएं अवध के पारम्परिक परिधान पगड़ी में रहेंगे। दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले सदस्यों, स्वर्णपदक व उपाधिधारकों को दीक्षांत रिहर्सल में शामिल होना होगा। विवि. के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में 15 मार्च अपराह्न 03 बजे तथा 16 मार्च को दोपहर 12 बजे कुलपति प्रो. गोयल के नेतृत्व में रिहर्सल होगी। रिहर्सल के दोनों दिन सभी की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि दीक्षांत समारोह की तैयारियों को समितियों द्वारा लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है। 15 से 16 मार्च तक प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक छात्र-छात्राओं को दीक्षांत की वेशभूषा उत्तरीय व उपाधि वितरित की जायेगी। उत्तरीय वितरण भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के पहले स्थित परीक्षा भवन में किया जायेगा। उपाधि परीक्षा विभाग में वितरित की जायेगी।

# कांशीराम जयंती में जायेंगे बसपाई

रामगंज (अयोध्या)। बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में 15 मार्च को बसपा के संस्थापक कांशीराम की 89 वीं जयंती मनाने की तैयारी है। क्षेत्रीय नेता गांवों में संपर्क कर लोगों से अधिकाधिक संख्या में लखनऊ के कांशीराम स्मारक स्थल पहुंचने की अपील कर रहे हैं। बसपा के मंडल जोन इंचार्ज दिलीप कुमार विमल ने सोमवार को मया ब्लॉक के रामापुर, अकारीपुर, धारूपुर जैता, वंदनपुर, शेरवा महबूबगंज, पौसरा और मया के गांवों में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता आगामी 15 मार्च को विभिन्न साधनों से लखनऊ कूच करेंगे।

# शांतिमोर्चा

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 08

# खेल से खिलाड़ियों में नेतृत्व की क्षमता का होता है विकास :प्रो. जसवंत

## –अविवि में दीक्षांत पखवाड़े के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**(शान्तिमोर्चा संवाद)**

**अयोध्या 13 मार्च।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के नेतृत्व में विश्वविद्यालय क्रीडा समिति द्वारा दीक्षांत पखवाड़े के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टेबिल टेनिस, बैडमिंटन तथा कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अवध विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो0 जसवंत सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। टेबिल टेनिस पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग के बी.पी.ई.एस तृतीय वर्ष के छात्र बाल कृष्ण यादव ने एम.पी. एड. चतुर्थ सेमेस्टर को 21–16 के अंतर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं टेबिल टेनिस महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग की कोमल ने हर्षिता को 21–13 के अन्तर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन के पुरुष वर्ग में बी. टेक. चतुर्थ वर्ष के छात्र रंजन मद्धेशिया ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में बी.पी.ई.एस. प्रथम वर्ष के छात्र अभिनव वर्मा को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। बैडमिंटन महिला वर्ग में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अंशिका सिंह ने एम.पी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सेजल वसीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरी ओर कबड्डी टीम खेल के पुरुष वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग ने एम.बी.ए. विभाग को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी पुरुष वर्ग में अंकित, अमित एवं वैभव ने अपने खेल कौशल से सभी खेल प्रेमियों को प्रभावित किया। वहीं महिला वर्ग कबड्डी में शारीरिक शिक्षा विभाग ने एम.ए. प्रथम वर्ष समाज शास्त्र को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। कबड्डी प्रतियोगिता में ब्यूटी, रंजू एवं मानसी ने शानदार प्रदर्शन किया।




इस अवसर पर क्रीडा उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि खिलाड़ी को खेल के क्षेत्र में एक बेहतर इंसान बनाने के साथ टीम की भावना एवं नेतृत्व की क्षमता को बढ़ाता है। प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि शारीरिक शिक्षा एवं योग विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. संत शरण मिश्रा ने कहा कि स्पोर्ट्स और खेल वह गतिविधियाँ है जो व्यक्ति को उच्च स्तर की क्षमता के साथ व्यक्ति को और अधिक सक्षम बनाती है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा क्रीडा समिति आवासीय परिसर अध्यक्ष प्रो. नीलम पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया। क्रीडा समिति आवासीय परिसर के सचिव डॉ. सुरेंद्र मिश्र ने दीक्षांत खेल प्रतियोगिता में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराग पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्रीडा समिति आवासीय परिसर के सदस्य डॉ. त्रिलोकी यादव, इं संजय चौहान, डॉ. नितेश दिक्षित, डॉ.मणिकांत त्रिपाठी, डॉ.प्रियंका, डॉ. गायत्री वर्मा ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो.एसके रायजादा प्रो. शैलेंद्र वर्मा, प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो. तूहिना वर्मा, प्रो. आशीष प्रताप सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. कपिल राणा, डॉ.अर्जुन सिंह, डॉ. पंकज, डॉ.एसपी सिंह, डॉ.अंकित मिश्रा, डॉ आशीष पांडे, डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी, डॉ. देवेंद्र वर्मा, डॉ. संघर्ष वर्मा डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. मोहनी पांडे, कुमार मंगलम, डॉ.अवधेश याद

शांतिमोर्चा

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 08

# अवध विवि के 27वें दीक्षांत समारोह का रिहर्सल 15 व 16 को

## –विश्वविद्यालय में वेशभूषा में उत्तरीय व उपाधि वितरण 15 मार्च से

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की प्रथम महिला कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय का 27 वां दीक्षांत समारोह 17 मार्च, 2023 को होगा। समारोह में शामिल होने वाले सम्मानित सदस्यों एवं छात्र–छात्राओं के लिए वेशभूषा निर्धारित की गई है। इसमें पुरुष वेशभूषा में सफेद कुर्ता, पायजामा, पीली सदरी व महिला वेशभूषा में सफेद लाल बॉर्डर साड़ी तथा लाल दुपट्टा के साथ सफेद सलवार समीज परिधान निर्धारित किए गए है। वहीं स्वर्णपदक छात्र–छात्राएं अवध के पारम्परिक परिधान पगड़ी में रहेंगे। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले प्रत्येक सम्मानित सदस्यों, स्वर्णपदक व उपाधि धारकों को दीक्षांत रिहर्सल में शामिल होना होगा। विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में 15 मार्च अपराह्न 03 बजे तथा 16 मार्च को दोपहर 12 बजे कुलपति प्रो0 गोयल के नेतृत्व में रिहर्सल कराई जायेगी। रिहर्सल के दोनों दिन सम्मानित सदस्यों एवं छात्र–छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि दीक्षांत समारोह की तैयारियां को समितियों द्वारा लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है। 15 से 16 मार्च तक प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक छात्र–छात्राओं को दीक्षांत वेशभूषा उत्तरीय व उपाधि वितरित की जायेगी। वेशभूषा में उत्तरीय वितरण भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के पहले स्थित परीक्षा भवन में किया जायेगा। वही उपाधि परीक्षा विभाग में वितरित की जायेगी।

# शांतिमोर्चा

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 03

## राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय रंगोली कार्यशाला का शुभारम्भ

# कलाकृतियां आत्मिक सुख प्रदान करती है : अवस्थी

**(शान्तिमोर्चा संवाद)**

**अयोध्या , 13 मार्च।** डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग तथा अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दीक्षान्त पखवारे के तहत पाँच दिवसीय "कलात्मक अलंकरण" राष्ट्रीय रंगोली कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ आई0एस0एल0ई0 नई दिल्ली के महासचिव प्रो0आई0सी0 अवस्थी के द्वारा किया गया। इस अवसर उन्होंने छात्र–छात्राओं को बताया कि सृजनात्मक, रमणीक कलाकृतियां आत्मिक सुख प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि तथ्यपरक कलात्मक अलंकरण निश्चित रुप से चित्रण कार्य को बढ़ावा देता है जिससे क्षेत्रीय रोजगार एवं आय के स्तर में वृद्धि होती है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा ने छात्र–छात्राओं को उत्कृष्ट रंगोली सृजन के लिए उत्प्रेरित किया। रंगोली कार्यशाला की संयोजिका डॉ0 सरिता द्विवेदी ने बताया कि 27वें दीक्षान्त समारोह के दृष्टिगत फाईन आर्ट्स विभाग के 54 छात्र–छात्राओं की टीम पूरी परिसर में अवध लोक संस्कृति आधारित कलात्मक रंगोलियों का सृजन करेंगे जोकि निश्चित रुप से परिसर में आने वाले सभी अतिथियों को रोमांचित करेगी। ललित कला के समन्वयक प्रो0 विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दीक्षान्त समारोह के अन्तर्गत लोककला आधारित सात दिवसीय पेन्टिग कार्यशाला के अन्तर्गत पाँच दिवसीय रंगोली कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसका प्रमुख उद्देश्य रंगो के माध्यम से भारतीय संस्कृति से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल नेतृत्व में रमणीक कलाकृतियों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की रंगोली का निर्माण कर रहे है जिसे कुलाधिपति व राज्यपाल एवं अतिथि को दीक्षान्त समारोह में सप्रेम भेंट किया जाएगा। रंगोली कार्यशाला की आयोजन समिति के सदस्यों में श्रीमती रीमा सिंह, श्रीमती सरिता सिंह, आशीष प्रजापति तथा अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग प्रो0 मृदुला मिश्रा, डा0 प्रिया कुमारी, डॉ0 अलका श्रीवास्तव, श्रीमती कविता पाठक, आलोक कुमार आदि ने कार्यशाला के सफल आयोजन में अपना सराहनीय योगदान प्रदान किया।

# स्वतंत्र चेतना

दिनांक: 14 मार्च, 2023 पृष्ठ संख्या: 04

# अविवि के दीक्षांत समारोह का रिहर्सल 15 व 16 को

**दीक्षांत समारोह** दीक्षांत समारोह के लिए वेशभूषा निर्धारित, वेशभूषा में उत्तरीय व उपाधि वितरण 15 से

